ये शामिल हैं; चीनी, तेल/तिलहन खली, सूती वस्त्र, लोहा तथा इस्पात, चमड़ा तथा चमड़े से बना सामान, अयस्क, कच्ची रुई, सीमेंट तथा चांदी। प्राय: इन सभी मदों की मात्रा में गिरावट आई है। इन मदों के सम्बन्ध में मात्रा सम्बन्धी आंकड़े उपरोक्त सारणी में दर्शाए गए हैं।

एयर इंडिया द्वारा मनोरंजन पर किये जाने वाले व्यय में मितव्ययता

982. **श्री अनन्तराम जायसवाल :** क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इंडिया द्वारा मनोरंजन पर किये जाने वाले व्यय में निरन्तर वृद्धि हो रही है जिसके परिणामस्वरूप उसी अनुपात में संगठन के लाभ में कमी हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 1975-76, 1976-77 और 1977-78 में अलग-अलग एयर इंडिया द्वारा मनोरंजन पर कितना व्यय किया गया; और

(ग) क्या वित्तीय वर्ष 1978-79 में इस शीर्ष के अन्तर्गत होने वाले व्यय में मितव्ययता लाने के लिए सरकार कोई उपाय करेगी और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) पिछले कुछ वर्षों के दौरान एयर इंडिया को लाभ-प्रदता में वृद्धि हो रही है, हालांकि प्रचारार्थ आतिथ्य सत्कार पर होने वाले व्यय की मात्रा में भी कुछ वृद्धि हुई है।

(ख) वित्तिय वर्ष 1975-76, 1976-77 तथा 1977-78 के दौरान एयर इंडिया द्वारा प्रचारार्थ आतिथ्य सत्कार पर किया गया व्यय क्रमश: 1.32 करोड़ रुपये, 1.60 करोड़ रुपये तथा 1.65 करोड़ रुपये है।

(ग) सरकार इस सम्बन्ध में किफायत करने के उपाय कर रही है। आशा है 1978-79 के दौरान यह व्यय 1977-78 के दौरान हुए ऐसे व्यय से कम होगा।

निर्यात कर्ताओं को वित्तीय सहायता

983. **श्री अनन्तराम जायसवाल :**
श्री राघवजी :

क्या वाणिज्य, नागरिक पूर्ति तथा सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बहुत सी वस्तुओं के निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए उनके निर्यातकों को सरकार आर्थिक सहायता की छूट देती है ;

(ख) यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 1976-77 और 1977-78 में अलग-अलग यह आर्थिक सहायता की राशि क्या थी और वित्तीय वर्ष 1978-79 के लिए इसकी अनुमानित राशि क्या है;

(ग) वे कौन-कौन सी वस्तुएं हैं जिन पर विगत वित्तीय वर्ष में आर्थिक सहायता छूट दी गई और प्रत्येक में कितनी सहायता दी गई; और

(घ) क्या सरकार ने कोई ऐसी कमेटी बनाई है जो इस प्रश्न पर विचार करे कि निर्यातित वस्तुओं पर दी जाने वाली आर्थिक सहायता-छूट घटाई जावे और यदि हां, तो कमेटी का गठन कब हुआ, उसकी सिफारिशें क्या हैं और उन पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री